मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग

रेसीडेन्सी क्षेत्र – इन्दौर

कमांक 7067/ 79 /2016/चयन इन्दौर दिनांक 26 JUL 2017

//विज्ञप्ति//

पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ परीक्षा–1016 पद हेतु साक्षात्कार आयोजन संबंधी आवश्यक सूचना ।

आयोग के विज्ञापन कमांक 04/परीक्षा/2016/दिनांक 18.05.2016 के अन्तर्गत पशु पालन विभाग के तहत पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ के कुल–492 पद (अनारक्षित–140, अनुसूचित जाति–86, अनुसूचित जनजाति–227 एवं अन्य पिछडा वर्ग–39) विज्ञापित किए गए हैं । उपरोक्त पद हेतु ऑनलाईन लिखित परीक्षा–25.09.2016 को आयोजित की जाकर लिखित परीक्षा का परिणाम आयोग द्वारा दिनांक 02.11.2016 को जारी किया गया हैं ।

2/पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ पद के साक्षात्कार दिनांक 16 अगस्त 2017 से 24 अगस्त 2017 तक आयोजित किए जाना हैं ।

3/योग्य आवेदकों को साक्षात्कार पत्र ऑनलाईन आवेदन पत्र में अंकित ई–मेल एड्रेस पर दिनांक 27.07.2017 से प्रेषित किए जा रहे हैं । आवेदकों की सुविधा की दृष्टि से साक्षात्कार पत्र आयोग की वेबसाईट www.mppsc.nic एवं www.mppsc.com पर भी दिनांक 29.07.2017 से उपलब्ध हैं । आवेदक अपना रोलनंबर एवं जन्मतिथि की प्रविष्टि कर साक्षात्कार की प्रति प्राप्त कर सकते हैं । साक्षात्कार दिवस को प्रातः 10.00 बजे आयोग कार्यालय में उपस्थित होना अनिवार्य हैं ।

4/साक्षात्कार दिवस पूर्व आवेदक आयोग की वेबसाइट से व्यक्तिगत विवरण पत्रक, अनुप्रमाणन फार्म, एवं उपस्थिति पत्रक की प्रति डाउनलोड करके उसकी आवश्यक पूर्ति कर साक्षात्कार दिवस को प्रस्तुत करना अनिवार्य है, व्यक्तिगत विवरण पत्रक 01 मूल प्रति एवं उसकी 05 छायाप्रतियां, अनुप्रमाणन फार्म 03 मूल प्रति में एवं उपस्थिति पत्रक 01 मूल प्रति में उसकी आवश्यक पूर्ति कर प्रस्तुत करें । साथ ही समस्त मूल अभिलेखों के साथ उनकी एक एक प्रमाणित प्रतियां भी साथ लाना अनिवार्य है । पहचान प्रमाण पत्र हेतु आधारकार्ड की मूल प्रति एवं उसकी छायाप्रति प्रस्तुत करे । उक्त वांछित अभिलेखों के अभाव में आवेदक को साक्षात्कार की प्रकिया में सम्मिलित नहीं किया जावेगा ।

अनुभाग अधिकारी